लीडरशिप चैलेंज्ड | शहर के 16 स्कूल के छात्रों ने दिखाया दम, डिबेटिंग क्षमता देख दंग हुए लोग

सुमोना और स्पृहा बेस्ट लीडर

मेजबान हिलटॉप स्कूल की छात्रा सुमोना कुंडू को पहला और आरवी की छात्रा स्पृहा विश्वास को मिला दूसरा स्थान

भास्कर न्यूज | जमशेदपुर

टाटा प्रेक्षागृह (एक्सएलआरआई) में आयोजित लीडरशिप चैलेंज्ड कार्यक्रम में नगर के छात्रों की नेतृत्व क्षमता दिखी। इनकी लीडरशिप और डिबेटिंग क्षमता को देख मशहूर क्विज मास्टर जी. बालासुब्रमण्यम ने कहा कि टेलीविजन चैनलों पर होने वाले डिबेट से ज्यादा बेहतर डिबेटिंग रही। यह बात अलग रही कि वॉक द टॉक राउंड में आलम संसद का रहा और प्रतिभागियों के बीच जमकर बहस हुई।

इस कार्यक्रम में नगर के 16 स्कूलों के 32 प्रतिभागी शामिल हुए। ग्रुप डिस्कशन के आधार पर 32 प्रतिभागियों में 15 प्रतिभागी और फिर पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर 15 में अंतिम रूप से आठ प्रतिभागियों का चयन हुआ।

मेजबान हिलटॉप स्कूल की छात्रा सुमोना कुंडू पहले, जबकि केवल दो अंकों से पीछे रही राजेंद्र विद्यालय की छात्रा स्पृहा विश्वास को दूसरा स्थान मिला। यह कार्यक्रम गिरी बालासुब्रमण्यम की कंपनी ग्रे कैप्स के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची के निदेशक एमजे जेवियर्स ने विजेताओं को सम्मानित किया।

कप के साथ विजेता सुमोना और स्पृहा तथा मौके पर मौजूद अतिथिगण।

छाए रहे बराक ओबामा और अब्दुल कलाम

ऐसा कौन लीडर है, जो दुनिया को नेतृत्व दे सकता है? इस पर प्रतिभागियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का नाम सुझाया। एक ने क्यूबा के राष्ट्रपति फिडेल कास्त्रो का नाम लिया।

इन प्रतिभागियों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

हर्ष वैभव (लोयोला स्कूल), मधुरिमा मांझी (केरला समाजम मॉडल स्कूल), स्पृहा विश्वास (राजेंद्र विद्यालय), संजना (सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट), शुभम तेजस्वनी (कारमेल जूनियर कॉलेज), सुमोना कुंडू (हिलटॉप स्कूल), श्रेया अग्रवाल (डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल) के अलावा वैशाली आनंद (गुलमोहर स्कूल)

कार्यक्रम के दौरान टाटा प्रेक्षागृह में उमड़ी भीड़।

ये थे निर्णायक

डॉ.अमित चटर्जी, डॉ.जीतू सिंह और डॉ. लक्ष्मी श्री बनर्जी

क्या थे राउंड

इंट्रोडक्शन, वेकअप टुमारो, वॉक द टॉक, एनालाइज थिंग्स, जूरी टाइम

किस आधार पर हुआ विजेताओं का चयन

कम्युनिकेशन स्किल, फ्लुएंसी, क्लेरिटी ऑफ थॉट, थॉट प्रोसेस, सिचुएशन मैनेजमेंट एबिलिटी, निगोशिएशन टैक्टिस, अवेयरनेस एंड नॉलेज, एम्पेथी एंड ग्रेस